## ब्रीफ न्यूज



### एमएसएमई मेगा क्रेडिट आउटरिच कैंपेन का आयोजन किया गया

**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एमएसएमई मेगा क्रेडिट आउटरीच कैंपेन का सफल आयोजन 21 नवम्बर को दोपहर 3 बजे से एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज़ मंडीदीप में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीके अर्जवानी, जीएम कॉरपोरेट, सीए एंड आईडी उपस्थित रहे। साथ ही भोपाल क्षेत्र के प्रमुख संजीव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमएसएमई ग्राहकों ने भागीदारी कर आयोजन को सफल बनाया। विशेष अतिथि के रूप में एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज़ के जनरल सेक्रेटरी नीरज जैन ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक तथा क्षेत्रीय कार्यालय से मुख्य प्रबंधक सौरभ मेहता, मैनेजर मनीष बस्तवार एवं मार्केटिंग अधिकारी साक्षी श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सर सोराबजी पोचखनवाला की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके उपरांत बैंक के एमएसएमई उत्पादों की प्रस्तुति (पीपीटी) दी गई। विशेष अतिथि नीरज जैन के संबोधन के बाद क्षेत्र प्रमुख संजीव कुमार ने एमएसएमई ग्राहकों को संबोधित करते हुए बैंक की योजनाओं और उनके लाभों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डीके अर्जवानी ने ग्राहकों से संवाद किया एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम का समापन लगभग 80 करोड़ के स्वीकृति पत्र एमएसएमई ग्राहकों को प्रदान कर किया गया, जिससे उपस्थित उद्योग जगत में सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

### आईपीएस स्कूल में क्यूट बेबी शो का आयोजन, हुईं प्रतियोगिताएं




**भोपाल।** संस्था इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल होशंगाबाद रोड में क्यूट बेबी-शो 2025 के द्वारा बच्चों के लिए अनूठी और रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीता वाधवा, अध्यक्ष अशोक नंदा , प्राचार्य दीप्ति सिंह, उप-प्राचार्य ताबिश जुबेरी, अफशों नवीद एवं ऋचा शर्मा समन्वयक हिमांगी श्रीखंडे, बनानी पुन, दिनेश शर्मा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं एवं पालकगण आदि अधिक संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 2 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों ने विविध और रचनात्मक थीम में भाग लिया। प्रतियोगिताओं को चार अलग-अलग श्रेणियों में प्रदर्शित किया गया। रैंप वॉक थीम, माता/पिता और बच्चे की फैशनेबल जोडी, हेल्दी फूड या जंक फूड वॉक, विश्व के सर्वोत्कृष्ट राजनेता (पॉलिटिकल लीडर्स), स्वदेशी उत्पादों पर विज्ञापन (एड. मैड) वॉक । बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी अपनी थीम पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता के बाद प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के लिए आकर्षक पुरस्कार एवं 3 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।


### सेंट मोंटफोर्ट में हर्षोल्लास के साथ हुआ वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भोपाल।** सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय सीनियर सेकंडरी पटेल नगर के प्रांगण में शनिवार सायं 5 बजे से विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। इस आयोजन में कक्षा छठवीं से लेकर नवमीं तक के छात्रों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस रंगारंग शाम में रंग भरने एवं सराबोर होने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में शुभेन्द्र कट्टा आईआरएस पुलिस अधीक्षक, सीबीआई मुख्य ब्रांच भोपाल पधारे। सेंट मोन्टफोर्ट संस्था के प्रोविंशियल सुपीरियर ब्रदर टीएलेक्स विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनांचन केके और विशेष अतिथि अस्मिता पदमानी व संस्था के ब्रदर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय के बैंड दल ने सलामी देते हुए धूमधाम से अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का विषय था परिवर्तन आवश्यक या अनिवार्य, क्योंकि परिवर्तन के बिना प्रगति असंभव है और छोटे-छोटे परिवर्तन ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं। परिवर्तन पहली बार में कठिन होता है, मध्य में अप्रिय होता है लेकिन अंत में शानदार होता है। छात्रों ने कार्यक्रम के विषय के अनुसार कक्षावार अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं जैसे नाटक, नृत्य, गीत एवं बीच-बीच में विज्ञापन की भांति शीर्षक अर्थात कार्यक्रम के विषय को जीवित रखा। छात्रों के नृत्य एवं नाटकों ने शाम कोऔर भी इंद्रधनुषी रूप प्रदान किया ।

**सबसे बड़ी चुनौती बीएलओ ऐप पर सभी फार्म का सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन**

# एसआईआर के काम को पूरा करने के लिए 11 दिन शेष, बीएलओ के सामने अभी बचा 70 फीसदी काम

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के काम में अभी भी भोपाल पिछड़ा हुआ है। 4 दिसंबर को अंतिम तिथि होने के बावजूद 70 फीसदी काम पूरे करने का टारगेट बीएलओ के सामने है। प्रशासन भी एसआईआर को लेकर सख्ती किए हुए है। कई बीएलओ को परफारमेंस ठीक न होने पर सस्पेंड कर दिया गया है। जिस कारण बीएलओ मानसिक रूप से दबाब भी महसूस कर रहे है। भोपाल में देखा जाय तो नरेला और गोविंदपुरा विधानसभा अभी भी फार्म के डिजिटाइजेशन को लेकर पिछड़े हुए है। यह इसलिए क्योंकि बीएलओ के सामने फार्म को बीएलओ ऐप पर डिजिटाइजेशन करना ही बड़ी चुनौती है। यह इसलिए कि इस ऐप में कई तकनीकी दिक्कतें आ रही है। इसके लिए टेक्निकल टीम भी बीएलओ की मदद के लिए तैनात की गई है। फिर ऐप हैंग होने जैसी समस्याएं अभी भी बनी हुई है।

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह रोजाना ही एसआईआर के काम की समीक्षा कर रहे है। अच्छा परफारमेंस देने वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया जा रहा है।

### एसडीएम ने किया दो बीएलओ को सम्मानित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत मध्यप्रदेश में भोपाल जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में कार्य तीव्र गति से जारी है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-149 बैरसिया में एसआईआर के अंतर्गत गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटाइजेशन करने में 2 मतदान केन्द्रों के बीएलओ द्वारा 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। अनुविभागीय अधिकारी बैरसिया आशुतोष शर्मा द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक -186 के बीएलओ सरिता ठाकुर एवं मतदान केन्द्र क्रमांक-86 के बीएलओ लालसिंह जाटव को मतदान केन्द्र पर पहुंच कर सम्मानित किया। यह सम्मान निर्वाचन कार्यों की गति, गुणवत्ता और उत्तरदायित्वपूर्ण निष्पादन के प्रति अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रेरित करने वाला है।

## नरेला में फर्जी मतदाताओं के नाम काटने की मांग को लेकर हंगामा



बीएलओ और सुपरवाइजर के सामने जमीन पर बैठे कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला

**भोपाल।** मतदाता सर्वे अभियान के दौरान एक ही एड्रेस पर अनेक मतदाताओं के दर्ज होने जैसी गंभीर खामियां भी उजागर हो रही है। नरेला विधानसभा क्षेत्र के रतन कॉलोनी, अशोका गार्डन, रसालखेड़ी जैसे क्षेत्र में कई एड्रेस ऐसे पाए गए हैं, जहां 50 से ज्यादा वोटर के नाम दर्ज किए गए हैं। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने रविवार को निर्वाचक दल के सामने हंगामा किया और फर्जी मतदाताओं का नाम काटने की मांग की। इस दौरान उन्होने बताया कि वार्ड क्रमांक 75 के बूथ क्रमांक 57 पर मकान नंबर 2 पर पोखन लाल साहू जिसका साइज 1,500 स्क्वायर फीट है अपने घर में अपने पांच सदस्यों सहित रहते हैं। इनके घर के नाम पर 66 फर्जी मतदाता (22 अलग-अलग जातियों के) मिले। वहीं दूसरी और इसी वार्ड में इसी बूथ पर मकान नंबर 10 पर कमलेन्द्र गुप्ता (रिटायर्ड इंजीनियर ग्रामीण विकास) अपने 8 सदस्यों के साथ 800 स्क्वायर फीट में रहते हैं जिनके घर पर 57 फर्जी मतदाता (15 अलग अलग जातियों के )मिले है। वहीं वार्ड 76 के बूथ 68 पर मकान नंबर 2 में देवनारायण विश्वकर्मा अपने 8 सदस्यों के साथ 750 स्क्वायर फीट के घर में रहते हैं जिनके घर पर 42 फर्जी मतदाता (छह अलग-अलग जातियों के) पाए गए जिसके बीएलओ ओमप्रकाश रायकवार और सुपरवाइजर शैलेश सक्सेना हैं। इन्हीं के घर के सामने मौके पर शुक्ला ने बीएलओ और सुपरवाइजर के सामने नीचे बैठ कर फर्जी नाम हटाने की मांग की।

## रिटा. डीजी पर संपत्ति की गलत जानकारी देने का आरोप

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

मध्यप्रदेश पुलिस के रिटायर्ड डीजी मैथिलीशरण गुप्त के खिलाफ शपथ पत्र में गलत जानकारी देने के मामले में ईओडब्ल्यू में शिकायत की गई है। यह शिकायत दानिश कुंज कोलार में उनके ही पड़ोसी इंजीनियर माधव गुप्ता ने की है। शिकायत में आरोप लगाया है कि पूर्व डीजी ने 2024 में भोपाल लोकसभा से चुनाव लड़ा था। उस दौरान चुनाव के नामांकन के समय उनकी ओर से एक शपथ पत्र दिया था। शपथ पत्र मे संपत्ति संबंधी जानकारी गलत दी गई। इसमें उन्होंने अपनी संपत्ति की कीमत बेहद कम दर्शाई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि रिटायर्ड डीजी ने स्वयं का बंगला जो दानिशकुंज में है उसकी वर्तमान कीमत 3.10 करोड बताई है। साथ ही इस बंगले को 1996 में खरीदना बताया। जबकि हकीकत यह है कि इस बंगले की रजिस्ट्री 2010 में कराई गई। कीमत भी उनकी दी गई जानकारी से अधिक है। वहीं बंगले की मार्च 2010 में रजिस्ट्री के समय कीमत 23.60 लाख रुपए थी, लेकिन बंगले को 3.85 लाख रुपए में खरीदना बताया गया। बाकी की कीमत को अलग-अलग अदा किया गया था। इसके प्रमाण शिकायत आवेदन के साथ संलग्न कर दिए हैं। इसके अलावा शिकायतकर्ता इंजीनियर ने रिटायर्ड डीजी पर अपने प्लॉट के कुछ हिस्से में कब्जा करने का भी आरोप लगाया है। इधर रिटायर्ड डीजी का कहना है कि इंजीनियर गुप्ता ने नियम विरूद्ध कंस्ट्रक्शन कर रखा है जिस कारण संबंधित विभागों ने उसे नोटिस दिए है। उन पर अतिक्रमण सहित अन्य आरोप निराधार है।

## बेटी की शादी के कार्ड बांट कर लौट रहे किसान को कार ने मारी टक्कर, मौत

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

मिसरोद इलाके में 11वें मील पर बाइक सवार तीन लोगों को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। उनके दो रिश्तेदारों की हालत गंभीर है। तीनों रिश्तेदार सीहोर जिले के एक गांव से शादी की शॉपिंग और कार्ड बांटने आए थे। पुलिस के अनुसार, शालकराम शर्मा (55), सरदार नगर जिला सीहोर के रहने वाले थे। उनकी बेटी की इसी माह 29 तारीख को शादी है। उसी की खरीदारी करने और रिश्तेदारों को कार्ड बांटने वह 12 नवंबर को अपनी बाइक से रिश्तेदार सौरभ शर्मा और सौरभ शर्मा उर्फ छोटू के साथ भोपाल आए थे, वह कार्ड बांटने के बाद बैरागढ मार्केट में शॉपिंग करके अपने गांव लौट रहे थे, तभी 11वें मील चौराहे पर एक तेज रफ्तार कार (एमपी 04 वायआर 8146) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा दिया था। शनिवार को शालकराम की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दोनों घायल रिश्तेदारों का अस्पताल में इलाज जारी है। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## डॉ. मुखर्जी नगर को मिलेगी स्टेडियम की सौगात, पांच लाख आबादी को होगा लाभ

**25 को सीएम डॉ. यादव करेंगे लोकार्पण**

विधायक शर्मा ने एसआईआर और सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



हुजूर विधानसभा में 'विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान और आगामी 25 नवंबर को मुखर्जी नगर, कोलार में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की उपस्थिति में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बैठक ली। युवा सदन पर आयोजित बैठक में भाजपा भोपाल संभाग के प्रभारी एवं विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। बैठक में 25 नवंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य उपस्थिति में आयोजित होने वाले विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री मुखर्जी नगर, कोलार क्षेत्र को 194 करोड़ रुपये की विभिन्न विकासपरक सौगातें प्रदान करने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत अमृत 2.0 के अंतर्गत 194 करोड़ से सीवेज योजना का शुभारंभ, 10 करोड़ से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम कोलार एवं 29 करोड़ की लागत से कटारा में बने सांदीपनि स्कूल का लोकार्पण सम्मिलित है। इसके अलावा बैठक में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कार्यकर्ताओं को अभियान की प्रगति, उसके महत्व और पारदर्शिता बनाए रखने पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की एक निरंतर प्रक्रिया है। एसआईआर के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, नव मतदाताओं का पंजीकरण कराने तथा त्रुटियों को सुधारने का कार्य अत्यंत जिम्मेदारी से पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र मतदाता को अभियान की प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। हमारा दायित्व है कि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में जुड़े और किसी भी त्रुटि की तत्काल जानकारी देकर सूची को सटीक बनाया जाए। यह केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा का गंभीर दायित्व है।

## आउटसोर्स कर्मियों को ग्रेच्युटी और केन्द्र समान वेतन की मांग

**भोपाल।** मप्र सहित देशभर के सभी राज्यों के शासकीय विभागों व उपक्रमों में कार्यरत करीब एक करोड़ आउटससोर्स कर्मियों को केन्द्र के आउटसोर्स कर्मियों के बराबर न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा और एक वर्ष से कार्यरत् अनुभवी आउटसोर्स कर्मियों को ग्रेच्युटी देने का भी प्रावधान नहीं किया है। इससे लाखों आउटसोर्स कर्मी हताश और निराश हैं। इसे लेकर ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव व महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने केन्द्रीय श्रम मंत्री से श्रम संहिता में सुधार की मांग की है। भार्गव का कहना है कि नई श्रम संहिता भेदभावपूर्ण है, जहां स्थायी कर्मी को पांच साल की सेवा के बाद ग्रेच्युटी दी जाती है, जबकि फि क्स्ड टर्म एम्प्लाई कंपनी पेरोल पर कार्यरत अस्थाई कर्मियों को मात्र एक वर्ष की सेवा के बाद ग्रेच्युटी देने का प्रावधान किया गया है।

## शॉपिंग करते पकड़ा गया जिला बदर कुख्यात बदमाश शादाब

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

शाहजहांनाबाद पुलिस ने जिलाबदर कुख्यात बदमाश शादाब खान उर्फ शादाब चंबल (50) को शॉपिंग करते हुए पकड़ा है। वह जहांगीराबाद में कई बदमाशों के साथ सक्रिय था। पुलिस को सूचना मिली कि शादाब निवासी सुदामा नगर गली थाना ऐशबाग, रॉयल मार्केट पर बाजार मे घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। वह कपड़े की दुकान पर खरीददारी कर रहा था। इसके खिलाफ लूट, धमकी, चोरी, अड़ी सहित अन्य धाराओं में 49 मामले दर्ज है। उसे 8 दिन पहले ही जिलाबदर किया गया था। उसे भोपाल और उसकी सीमाओ से लगे विदिशा, सीहोर, राजगढ, नर्मदापुरम, रायसेन की राजस्व सीमाओ से बाहर जाने का आदेश दिया गया था।

## रग्बी लीग का हुआ शुभारंभ

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क



महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी लीग का शुभारंभ रविवार को एलएनसीटी कॉलेज खेल मैदान में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. वीके साहू, प्राचार्य, एलएनसीटी, डॉ. अंजलि तिवारी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर, भौतिकी, डॉ. लायज़ा कुरुप, प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस, अबरार अहमद शेख, सचिव, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, मप्र पंकज कुमार जैन, खेल निदेशक, एलएनसीटी उपस्थित थे। लीग में 33 टीमें भाग ले रही हैं।


**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **अशोक कुमार शिवहरे,** मनीषा शिवहरे खाता सं. LNBIA00619-200143423 व LNBIA09422-230254522 | 9 जनवरी 2024 ₹ 528983/- व ₹ 319697/- 4 जनवरी 2024 | पीएच नं. 36 सर्वे नं. 10/1/मिन-65/1/के, वार्ड नं. -09, श्री राम कॉलोनी पीएच नं. 36 सर्वे नं. 10/1/मिन-65/1/के, वार्ड नं.-09, श्री राम कॉलोनी, चंचोरा जिला गुना मध्यप्रदेश 473115 **क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट** | भौतिक कब्जा दिनांक 20 नवम्बर 2025 |
| **रीना रीना,** जगदीश जगदीश जमानतदार : जसवन्त जे खाता सं. LNBIA03521-220185510 | 6 मार्च 2025 ₹ 747613/- 5 मार्च 2025 | मकान नं. 19/2, पीएच नं. 49 में स्थित, गांव-मोतीपुरा सोंधिया तहसील राजगढ जिला राजगढ मध्यप्रदेश 465661 **क्षेत्रफल 1635 वर्ग फीट** | भौतिक कब्जा दिनांक 20 नवम्बर 2025 |

स्थान : मध्य प्रदेश दिनांक : 24-11-2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड


## 'सांची परिवार' ने दुग्ध उत्पादकों की बेटियों के विवाह में सौंपे मायरे के थाल

**राजगढ़, सीहोर के किसान की बेटियों को 11-11 हजार नकद व साड़ियां, गिफ्ट पेक, फल-मिठाई दिए**

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क




भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने 22 नवम्बर को राजगढ़ और सीहोर जिले के सांची दुग्ध उत्पादक किसान की दो बेटियों रूकमणि और रितु के विवाह में सांची मायरा (भात) का थाल सौंपा। सौंपे गए थाल में 11-11 हजार रुपए नकद, उपहार स्वरूप साड़ियां, कपड़े, सांची गिफ्ट पेक, फल-श्रीफल व मिठाइयां शामिल है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर सांची मायरा योजना की शुरूआत 1 नवम्बर 2025 सीहोर जिले से की गई थी। सांची मायरा योजना का उद्देश्य यही है कि अपने दुग्ध समिति सदस्यों को उच्चतम क्रय दर के साथ उनके दुख एवं सुख में हमेशा साथ खड़े है, ताकि दुग्ध उत्पादक किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सके।

### बेटियों से जोड़ा अटूट बंधन: जोशी

सीईओ जोशी ने बताया कि सांची भात (मायरा) योजना से दुग्ध उत्पादक किसानों की बेटियों के परिवार का सांची परिवार से जोड़ने वाला एक अटूट बंधन है। दुग्ध उत्पादकों से सांची परिवार का रिश्ता केवल व्यावसायिक नहीं बल्कि भावनात्मक भी है। जोशी ने बेटियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी बेटियां जिस परिवार में भी जाएं, वहां पर भी दुग्ध संघ परिवार से जुड़ने के लिए सभी को प्रेरित करें।

### मामा का घर सांची परिवार: रुकमणी-रितु

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ अंतर्गत जिला राजगढ़ की दुग्ध समिति कुरावर के सदस्य गजराज सिंह राजपूत की सुपुत्री रुकमणी और जिला सीहोर की दुग्ध समिति बैरागढ़ खुमान के सदस्य दीनदयाल दास की सुपुत्री रितु ने सांची परिवार का मायरा स्वीकार करते हुए कहा कि सांची, हमारे मामा का घर है। मामा का यह उपहार हमारे गृहस्थ जीवन के प्रवेश होने का आशीर्वाद है।


**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (GRIHUM)

पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाई: धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452010

**ई–नीलामी–बिक्री सूचना**
**सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।**

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''**सुरक्षित लेनदार**'' कहा जाएगा) को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जो है जैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 23–12–2025** को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

| सं. क्रं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी) | कब्जे की प्रकृति {सी} | संपत्ति का विवरण {डी} | आरक्षित मूल्य (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि (जी) | वृद्धिशील बोली {एच} | संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय {आई} | नीलामी की तिथि और समय {जे} | ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **ऋण संख्या** HL0231H15100004 **राकेश कुमार श्रीवास्तव (उधारकर्ता) राजमणि श्रीवास्तव (सह–उधारकर्ता)** | **नोटिस की तारीखः 07–06–2025 कुल बकायाः रू. 1323509/–** (सिर्फ तेरह लाख तेईस हजार पाँच सौ नौ रुपये) और साथ में **07–06–2025 तक** 16.89% सालाना ब्याज, जब तक कि पेमेंट न हो जाए। | भौतिक | पी.एच. नंबर 25 का वह पूरा भाग, जिसका एरिया 834.99 वर्ग फीट है, बंदोबस्त नंबर 393, नानक वार्ड, ओल्ड शुक्ला वार्ड, तह. खुरई, जिला सागर (म.प्र.) में स्थित नगर पालिका की सीमा में है। जिसकी सीमा इस तरह है– पूरब में कृष्णानंद और आनंद श्रीवास्तव की जमीन, पश्चिम में दयानंद श्रीवास्तव का घर और उत्तर में नगर पालिका रोड, दक्षिण में रमेश श्रीवास्तव का घर (रजिस्टर्ड सेल डीड के अनुसार) | **रु. 1753479/–** (रुपये सत्रह लाख तिरेपन हजार चार सौ उन्यासी केवल) | **175347.9/–** (रुपये एक लाख पचहत्तर हजार तीन सौ सैंतालीस और नब्बे पैसे केवल) | 24-12-2025 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/– | 19-12-2025 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक) | 26-12-2025 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | निरंक |
| 2 | **ऋण संख्या** HL00592100000005032870 **शिक्षा सिंह यादव (उधारकर्ता) रचित सिंह यादव (सह–उधारकर्ता)** | **नोटिस की तारीखः 09–07–2025 कुल बकायाः रू. 1338948/–** (सिर्फ तेरह लाख अड़तीस हजार नौ सौ अड़तालीस रुपये) **09–07–2025 तक** देना होगा, साथ में वसूली तक 11.85% सालाना ब्याज भी। | भौतिक | प्रॉपर्टी प्लॉट नंबर 07 का पूरा हिस्सा, जिसका एरिया 2000 वर्ग फीट है, सर्वे नंबर 116 और 117 का हिस्सा है, गांव टेकनपुर, पटवारी हल्का नंबर 02, टीएनसीपी टेकनपुर, परगना और जिला ग्वालियर (म.प्र.) और सेल के एग्रीमेंट के अनुसार प्रॉपर्टी की सीमा इस तरह है पूरब– रोड पश्चिम– प्लॉट नंबर 30 उत्तर– प्लॉट नंबर 08 दक्षिण= प्लॉट नंबर 06. | **रु. 700000/–** (रुपये सात लाख केवल) | **रु. 70000/–** (रुपये सत्तर हजार केवल) | 24-12-2025 शाम 5 बजे से पहले | 10,000/– | 19-12-2025 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक) | 26-12-2025 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | निरंक |

**इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।**

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर–7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी–Support@bankeauctions.com, **संपर्क व्यक्ति–धरणी पी, ईमेल आईडी–dharani.p@c1india.com संपर्क नंबर–9948182222** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता तभी से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस ''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड–नीलामी आय खाता,'' बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या–091551000028 और आईएफएससी कोड– ICIC0000915, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर–411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **24–12–2025** से पहले जमा करें और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूज़र आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई–मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगी: **पताः धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश – 452010 मोबाइल नंबर +91 9567626050 ई–मेल आईडी** rahul.r1@grihumhousing.com **नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई–नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com और www.grihumhousing.com पर जाएँ।**

**इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 30 (तीस) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।**

**किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।**

दिनांकः 24.11.2025
स्थानः भोपाल

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड